FORM No. III

फर्द अहकाम

(नियम 15)

अज अदालत संभागीय आयुक्त, उदयपुर (राज0)

श्री निर्मल बापना व अन्य	बनाम	प्रा.अ. नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

किस्म मुकदमा अपील संख्या–**128/2019** (**GCMS/2019/00152**)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनीशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए	
13.10.2020	आज दिनांक 13.10.2020 को प्रश्नगत अपील के अपीलार्थी श्री निर्मल बापना उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो का प्रस्तुत कर अत्यावश्यक कारणों से पत्रावली सिगह से तलब किये जाने का अनुरोध किया गया। उक्त प्रकरण में पेशी दिनांक 26.10.2020 को नियत है। उपस्थित अपीलार्थी के निवेदन पर पत्रावली सिगह से आज तलब की गई। अपीलार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र दिनांक 13.10.2020 बाबत अपील विड्रो करने हेतु प्रस्तुत कर निवेदन किया कि प्रकरण में वस्तुतः तथ्यों की जानकारी के अभाव में अपील प्रस्तुत कर दिये जाने के कारण हाल ही में सही एवं वास्तविक तथ्यों की जानकारी होने के कारण अपीलार्थी द्वारा बिना prejudice हुए अपील को विड्रो करना चाहता है, जिससे वह प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहता है एवं इसलिए उक्त प्रकरण/अपील को इसी स्तर पर विड्रो किए जाने का अनुरोध किया है। अपीलार्थी द्वारा बिना prejudice हुए अपील को इसी स्तर पर विड्रो किये जाने का निवेदन किया और वह अपील को आगे नहीं चलाना चाहते है। यहा पक्षकार द्वारा न्यायालय हाजा को समाधानप्रद रूप से यह साबित कर दिया गया है कि वह हस्तगत अपील में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः प्रार्थना पत्र बाबत अपील विड्रो करने हेतु स्वीकार किया जाता है। अपील अपीलार्थी इसी स्तर पर खारिज की जाती है। आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।		